# स्टैनफोर्ड विवि की मदद से बढ़ेगा नवाचार

## विवि की टीम पहुंची एसजीपीजीआई, रोगियों व स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को मिलेगा लाभ

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। एसजीपीजीआई अब इलाज के साथ चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में नवाचार भी करेगा। इसके लिए देशी के साथ स्टैनफोर्ड विवि जैसे विदेशी संस्थानों की दक्षता का भी सहयोग लिया जाएगा। इसी के तहत स्टैनफोर्ड विवि की बायोडिजाइन टीम शनिवार शाम को एसजीपीजीआई पहुंची।

संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने बताया कि सेतु फाउंडेशन से समर्थित एसटीपीआई, मेडटेक, एसजीपीजीआई और जीआईएमएस जीआर नोएडा के सहयोग से ग्लोबल मेडिकल टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म के लिए स्टार्टअप को सशक्त बनाने में यह टीम सहयोग करेगी। इसका मकसद स्वास्थ्य सेवा तकनीक के उभरते क्षेत्र में स्टार्टअप की क्षमताओं को विकसित करना है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी बायोडिजाइन के सहयोग से यूपी फाउंडर्स फोरम जैसी पहल की जा रही है। इससे रोगियों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को समान लाभ होगा।

इस मौके पर जीआईएमएस, ग्रेटर नोएडा के निदेशक डॉ. (ब्रिगेडियर) राकेश कुमार गुप्ता, मेडटेक के सीओई श्याम कुमार, एसटीपीआई लखनऊ के उप निदेशक जयराम यादव, जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा में इनक्यूबेशन के प्रमुख डॉ. राहुल अमृतराज और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी बायोडिजाइन इंडिया प्रोग्राम की सलाहकार डॉ. आयशा चौधरी मौजूद रहीं।

## चिकित्सकों ने गठिया के प्रति किया जागरूक

लखनऊ। गठिया रोग से बचाव व इलाज को लेकर रविवार को यहियागंज स्थित हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इंटर कॉलेज में जागरूकता शिविर लगा। इसमें डॉ. सौरव शुक्ला, डॉ. आरपी सिंह व डॉ. अपर्णा त्रिपाठी ने लोगों को बचाव की जानकारी दी। चिकित्सकों ने कहा कि व्यायाम, सही आहार और विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज करने से इस बीमारी से काफी हद तक निजात पाई जा सकती है। (माई सिटी रिपोर्टर)